# बिना वैध पंजीयन व गंदगी में बनाई जा रही थी कुल्फी

- इकाई पर की बड़ी कार्रवाई, खाद्य कारोबार बंद कराया गया
- दो दिनों में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 29 नमूने लिए गए



**इंदौर.** खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण और विक्रय के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 29 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए.

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने धार रोड स्थित माँ इंटरप्राइजेज पर औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर विष्णु सुथार परिसर में कुल्फी निर्माण कार्य संचालित करते पाए गए. मौके पर बॉम्बे चौपाटी ब्रांड के विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम एवं फ्रोजन डेजर्ट को कोल्ड रूम में संग्रहित पाया गया. जांच के दौरान प्रतिष्ठान द्वारा कोई वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया, खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा पुराने पते का पंजीयन दिखाया गया, जो केवल स्टोरेज के लिए मान्य था, जबकि वर्तमान परिसर में निर्माण, ट्रेडिंग और स्टोरेज तीनों गतिविधियां संचालित हो रही थीं. निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं. फूड हैंडलर्स बिना कैप, एप्रोन और ग्लव्स के कार्य करते मिले. निर्माण स्थल पर गंदगी पाई गई तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं थे. कुल्फी के सांचे फर्श पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा था और कच्चा माल खुले एवं अव्यवस्थित रूप से रखा गया था. मौके से कुल्फी एवं फ्रोजन डेजर्ट के कुल 8 नमूने जांच हेतु लिए गए। बिना वैध लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित किए जाने पर प्रारंभिक प्रकरण दर्ज कर परिसर में खाद्य कारोबार तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि वैध पंजीयन एवं आवश्यक स्वच्छता मानकों की पूर्ति के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी.

**आइस कैंडी एवं फ्रोजन डेजर्ट इकाई की जांच**-खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बियाबानी धार रोड स्थित पंकज आइस कैंडी का भी निरीक्षण किया. यहां विभिन्न प्रकार की आइस कैंडी एवं फ्रोजन डेजर्ट का निर्माण पाया गया. जांच के लिए आइस कैंडी के 3 और फ्रोजन डेजर्ट के 2 नमूने, कुल 5 नमूने लिए गए.

**गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्राथमिकता**- कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी.

## शिकायतों के आधार पर यहां भी की कार्रवाई

कलेक्टर हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर राधिका फरियाली एंड सैंडविच का निरीक्षण किया गया. मौके पर गोपाल प्रजापत प्रभारी के रूप में उपस्थित मिले. निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं पेस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा साबूदाना खिचड़ी का एक नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया. इसी प्रकार शिकायत मिलने पर श्री साईं डोसा भवन का निरीक्षण किया गया. यहां इडली एवं चटनी के दो नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए. खाद्य विभाग की टीम द्वारा रूटीन जांच एवं शिकायतों के आधार पर भी विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए। चाइनीज वोक से सॉस एवं पनीर के 2 नमूने लिए गए. एशिया 7 से हक्का नूडल्स का नमूना लिया गया. निरीक्षण में वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों का पृथक भंडारण नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। मोम स्टेशन जूस से पाइनएप्पल एवं मिक्स फ्रूट जूस के 2 नमूने लिए गए। उपभोक्ता शिकायत पर ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड विजय नगर का निरीक्षण कर गंगवाल सूजी एवं गंगवाल मैदा के 2 नमूने लिए गए. समोसा .निक से चटपटा समोसा का 1 नमूना लिया गया।



## लावारिस वाहनों की नीलामी में 51 हजार का राजस्व मिला

**इंदौर. जीआरपी थाना इंदौर में वर्षों से जप्त लावारिस दोपहिया वाहनों की नीलामी गुरुवार को संपन्न हुई. खुली बोली प्रक्रिया में 27 बोलीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे शासन को 51 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ.**

यह नीलामी 25 पुलिस एक्ट के तहत जब्त वाहनों की नियमानुसार की गई. पूरी प्रक्रिया प्रभारी पुलिस अधीक्षक रेल हेमंत चौहान के निर्देशन में जीआरपी थाना परिसर में आयोजित की गई. नीलामी कार्रवाई एसडीएम घनश्याम धनगर के पर्यवेक्षण में गठित समिति की निगरानी में संपन्न हुई. प्रक्रिया को पारदर्शी और विधिसम्मत तरीके से पूरा किया. समिति में तहसीलदार राकेश, पीडब्ल्यूडी अधिकारी राखी, डीएसपी रेल ज्योति शर्मा, नायब तहसीलदार अशोक परमार, जीआरपी थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

## नाबालिग से छेड़छाड़, विरोध पर जान से मारने की धमकी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ और धमकाने का मामला सामने आया है. पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.

38 वर्षीय फरियादी ने शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी के घर से बाहर निकलते ही आरोपी अतुल पिता कैलाश निवासी अमृत पैलेस उसका पीछा करता था. वह उसे बुरी नियत से घूरता, अश्लील इशारे करता और सीटी बजाकर फब्तियां कसता था, जिससे उसकी बेटी काफी डरी सहमी हुई थी. परिजनों ने आरोपी को समझाइश दी तो वह उल्टा विवाद पर उतारू हो गया. आरोपी ने बीच सड़क पर गाली गलौज करते हुए पीड़िता और उसके परिवार को धमकाया कि यदि पुलिस में शिकायत की या दोबारा रोका, तो जान से खत्म कर देगा.

## कंबल ओढ़कर पहुंचे, सीसीटीवी में कैद, दो आरोपी चिन्हित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दो बदमाशों ने नशे की हालत में जमकर उत्पात मचाया और करीब आधा दर्जन कारों के कांच फोड़ दिए. वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.**



घटना में सत्यदेव नगर, नार्थ मोहल्ला और सूर्यदेव नगर में देर रात खड़ी कारों को निशाना बनाया. सीसीटीवी फुटेज में दो युवक कंबल ओढ़कर आते दिख रहे हैं, जो अचानक कारों पर पत्थर फेंककर कांच तोड़ते नजर आए. भागते समय उन्होंने रास्ते में खड़ी अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया. रात करीब 2 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान बाबूनाथ और आरसी चौहान के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी क्षेत्र में खुद को दबंग बताकर लोगों में भय फैलाते हैं और झपटमारी जैसी वारदातों में भी शामिल रहे हैं. दोनों के नशे के आदी होने की बात सामने आई है. फिलहाल पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और जल्द पकड़ने का दावा किया जा रहा है.

## बच्चों को बुद्ध की कथाएं और प्रेरक प्रसंगों द्वारा दी सीख

- हल्ला-गुल्ला शिविर में बच्चे खेल खेल में सीख रहे हैं नवाचार

**इंदौर. विजय नगर स्थित सारदा मठ स्कूल परिसर में चल रहे 15 दिवसीय हल्ला - गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे खेल खेल में अभिनय के साथ जीवन जीने की कला भी सीख रहे है.**



शिविर प्रशिक्षक तपन मुखर्जी और सीमा व्यास बच्चों को रोजाना महापुरुषो की प्रेरणादायक बाते बता रही है. शिविर में वरुण जोशी भी प्रशिक्षण दे रहे है. साथ में शिल्पा सिंघल और श्वेता शर्मा भी सहयोग कर रही है. प्रवीण जोशी ने बताया कि शिविर में आज शिक्षिका शुभा स्वामी का विशेष संबोधन हुआ. उन्होंने बच्चों को गौतम बुद्ध की कथाएँ और प्रेरक प्रसंगो के द्वारा शिक्षा देते हुए कहा कि अपना प्रकाश स्वयं बने. अहिंसा के मार्ग पर चले और समाज में प्रेम और शांति को फ़ैलायें. इच्छाओ के दास नहीं बने और स्वय पर नियंत्रण रखना सीखे. इस मौके पर शुभा स्वामी ने कवि मैथलीशरण गुप्त की लोकप्रिय कविता माँ कह एक कहानी का सस्वर पाठ किया और बच्चों से भी कराया. कुछ देर के संपूर्ण वातावरण प्रेम और शांति से भी गया. शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 50 से अधिक बच्चे भाग ले रहे. यह शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होता है. शिविर का समापन आगामी 16 मई को होगा।

## विश्व को जैन धर्म के आदर्श सिद्धांतों की जरूरत

**इंदौर.** वर्तमान हालातों में पूरे विश्व को जैन धर्म के आदर्श सिद्धांतों की जरूरत है. दया, करुणा, परमार्थ और सेवा जैसे संस्कारों में गूथे हुए जैन धर्म को आज पूरे विश्व ने प्रासंगिक और महत्वपूर्ण माना है. जहाँ दुनिया के अन्य देश एकदूसरे के साथ युद्ध और वर्चस्व की लड़ाई में घिरे हुए हैं, वहां भारत जैसे संप्रभुता सम्पन्न देश में आज भी भारत की धर्म और संस्कृति की ध्वजा सबसे ऊपर फहरा रही है. जैन धर्म के तीर्थंकरों ने समाज को सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह जैसे मंत्र देकर समूची मानवता पर बहुत बड़ा उपकार किया है.



ये आशीर्वचन हैं पंयास प्रवर योगरुचि विजय मसा के, जो उन्होंने गुरुवार को द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव में श्रीसिद्धाचल नवाण प्रभारी महापूजन की आराधना के दौरान व्यक्त किए. धर्मसभा में वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय मसा एवं नंदीरूचि विजय मसा आदिठाणा भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, सुशील कुकड़ा, चेतन भंडारी, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, रीतेश सेखावत, सतीश जैन एवं दिनेश धींग आदि ने समाज बंधुओं की अगवानी की. समिति के नितिन बावेल, यशवंत जैन, कांतिलाल लुणावत, अभय राखेचा एवं जवाहर लोढ़ा ने बताया कि रात्रि में प्रभु मणिभद्रवीर की संगीतमय महाआरती में क्षेत्र के 2 हजार से अधिक समाज बंधुओं ने सपरिवार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 8 मई को गुरुदेव की पावन निश्रा एवं सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव मुख्य अतिथि, उद्योगपति जयसिंह-टीना जैन, दीपक जैन टीनू, भारत पारख, दिलीप सी जैन, विमल नाहर एवं राजेंद्र जैन के विशेष आतिथ्य में सुबह विधिकर्ता आशीष जैन (जावरा) के निर्देशन में स्नात्र पूजन के बाद ध्वजारोहण विधि प्रारंभ होगी.



## त्वरित एवं सुलभ न्याय के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : जिला न्यायाधीश खान

**इंदौर/देपालपुर.** 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को अधिक प्रभावी, जनहितकारी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से सिविल न्यायालय परिसर देपालपुर में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मार्गदर्शन में बैंक, नगर परिषद तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में लंबित प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयीन प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण पर विशेष चर्चा की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत केवल प्रकरणों के निराकरण का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी समझौते, सौहार्द और त्वरित न्याय की एक पावन व्यवस्था है. जिला न्यायाधीश ने विशेष रूप से बैंक अधिकारियों एवं नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जो नियमानुसार निर्धारित छूट, रियायत एवं ब्याज में राहत प्रदान की जा रही है, उसका पात्र पक्षकारों को पूर्ण लाभ दिया जाए, ताकि आम नागरिक आर्थिक एवं मानसिक बोझ से राहत प्राप्त कर सकें. उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोटिसों की तामीली पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से सुनिश्चित की जाए तथा पक्षकारों को समय पर सूचना देकर उन्हें नेशनल लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया जाए. जिला न्यायाधीश ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्यायपालिका, प्रशासन और अधिवक्तागण के संयुक्त प्रयासों का ऐसा मंच है, जहां बिना अनावश्यक विलंब के सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त होता है. बैठक में तहसीलदार संगीता गोलिया, दीपक पाटीदार, विनय कुमार, ओंकार सिंह, रंजन प्रकाश, अनिल राठौर, दीपक लक्षकार, के.बी.यादव, जितेंद्र पंकज, ज्ञानेश्वर जोशी सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे.

एक नजर में

**मालवा उत्सव में नए यूनिक शिल्पों का आगमन, मालवी एवं परंपरागत देश के व्यंजन कर रहे लोगों को आकर्षित**

## गरबा रास, पनिहारी, अहिराई लाठी, सिद्धि धमाल से सजी शाम



**इंदौर.** मालवा उत्सव और इंदौर पहचान बन चुके इस उत्सव का इंतजार वर्ष भर से इंदौर ही नहीं इंदौर के आसपास एवं प्रदेश के लोगों और कला प्रेमी दर्शकों के साथ का शिल्प लोक कलाकारों को भी रहता है. मालवा ही नहीं देश की लोक कला एवं शिल्प कला को समृद्ध करने का कार्य लोक संस्कृति मंच के द्वारा किया जा रहा है

दशहरा मैदान पर दोपहर से ही लोगों की चहल-पहल शुरू हो गई थी. आज मालवा उत्सव में स्वाति उखले एवं साथियों ने चटकी चुमकीली हो चंदा, बोल पर पनिहारी नृत्य प्रस्तुत किया. गुजरात का गोफरास सौंदर्य प्रधान छठा प्रस्तुत कर गया. कलाकार ने गोफ की सहायता से नृत्य को प्रस्तुत किया. स्थानीय कलाकारों में श्री कृष्ण अवतार की सुंदर भावपूर्ण प्रस्तुति भरतनाट्यम के माध्यम से वर्धा कला संस्थान ने प्रस्तुत किया. वहीं रामायण की प्रस्तुति अपूर्व हर्षित गुप्ता के निर्देशन में की गई.

श्वेता श्रीवास्तव एवं साथियों द्वारा भामाशाह नाटिका का प्रस्तुतीकरण हुआ. शिवम नृत्य कला केंद्र द्वारा चार युगों की गाथा पंडित मयंक शर्मा के निर्देशन में ध्रूवी मेहता और साथियों ने जब प्रस्तुत की तो चारों ओर तालियो की गड़गड़ाहट सुनाई दी. छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों द्वारा गेडी नृत्य प्रस्तुत किया. गोवा अपनी समृद्ध संस्कृति और लोक कलाओं के लिए प्रसिद्ध है उन्हें लोक कलाओं में से एक है कलशी फुगड़ी यह एक पारंपरिक मनमोहन लोक नृत्य है धार्मिक उत्सव त्योहार पर महिलाओं द्वारा किया जाता है महिलाएं रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर खूबसूरत नृत्य करती हुई दिखाई दी जिसमें उन्होंने गोल घेरा बनाकर लय ताल के साथ मंत्र मुग्ध कर दिया. लोक संस्कृति मंच के दीपक लवंगडे एवं सतीश शर्मा ने बताया कि तलवार रस में गुजरात के कलाकारों ने तलवार कला का प्रदर्शन किया. गुजरात के कलाकारों द्वारा सिद्ध धमाल नृत्य भी प्रस्तुत किया गया जिसमें उनका कॉस्टयूम एवं मेकअप अफ्रीकन कलचर की याद दिलाता था.अहिराई लाठी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया. दीपक लवांगडे ने बताया कि 8 मई को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों मे अहीर लाठी भील भगोरिया बधाई बरेदी स्थानीय प्रस्तुतियां होगी।

### हस्तशिल्प कर रहा आकर्षित

लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि शिल्प मेला प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ हो रहा है इसमें छत्तीसगढ़ का ब्लैक आयरन शिल्प जिसमें लोहे को पिघला कर पीट-पीटकर हिरण शेर सहित कई प्रकार की महीना कृतियां तैयार की जाती है मिल रहा है. राजस्थान के खूबसूरत ब्लैक पॉटरी रीवा का बांस शिल्प एवं असम ,मिजोरम, मेघालय, जम्मू कश्मीर से आए हुए हस्तशिल्प देखने योग्य बन पड़े हैं. साथ ही छत्तीसगढ़ का ब्रास शिल्प भी यहां पर मौजूद है. लगभग 300 से अधिक शिल्पकार अपनी कला यहां पर प्रदर्शित करने एवं बनाए गए उत्पाद विक्रय करने आए हैं. मंच के पवन शर्मा एव रितेश पाटनी ने बताया कि देश के लोगों की स्वाद की पसंद बन चुके मालवा के व्यंजन यहां भी लोगों की खास पसंद बने हुए थे.

एक नजर में

## करोड़ों जीवों का लालन-पालन कर रही नर्मदा



**इंदौर.** दुनिया के तमाम देश प्रदर्शन में डूबे हुए हैं लेकिन हमारे भारत की यही खूबी है कि हम प्रदर्शन नहीं, दर्शन में विश्वास रखते हैं. भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहाँ हम नदियों को माँ का दर्जा और सम्मान देते हैं. माँ कभी भी अपने बेटों की अनसुनी और अनदेखी नहीं कर सकती. नर्मदा केवल हमारा नहीं लाखों-करोड़ों जीवों, पेड़-पौधों और प्रकृति का भी लालन-पालन कर रही है। भारत का सनातन धर्म नर्मदा जैसी जीवनदायी माँ के कारण ही अक्षुण्य बना हुआ है और आगे भी बना रहेगा. ये प्रेरक विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को माँ भगवती नर्मदा के प्राकट्य उत्सव की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व समाजसेवी राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, सुमित अग्रवाल, राजकुमार बंसल, देवांग शर्मा, राम सोलंकी, अनिल अग्रवाल, मारुती माने, सचिन माने, मुकेश खंडेलवाल, स्वप्निल माने आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया. भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने भी कथा श्रवण का पुण्यलाभ उठाया. मातृशक्ति की ओर से ज्योति बंसल, प्रेरणा बंसल सहित सैकड़ों महिलाओं ने परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री की अगवानी की. कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त, परिक्रमावासी और नर्मदा तट स्थित धर्मस्थलों के संत-महंत भी आ रहे हैं। देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा को सानिध्य प्रदान करने 9 से 11 मई तक इंदौर में विराजित रहेंगे. संयोजक राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि कथा में शुक्रवार 8 मई को माँ नर्मदा की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा.

## प्रतियोगिता में अल्फैज़ व काव्य ने जीते स्वर्ण पदक



**इंदौर.** इंटरस्कूल फेंसिंग प्रतियोगिता में ऊर्जस्विनी स्पेशल स्कूल के बच्चों ने भाग लिया. एसकेपीएस तिलक नगर में आयोजित इस इंटरस्कूल प्रतियोगिता में कोच सईद आलम के कुशल मार्गदर्शन और कड़े प्रशिक्षण के चलते स्पेशल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न आयु वर्गों के फॉइल इवेंट में इस प्रतियोगिता में अल्फ़ैज़ मुगल और काव्या मोलासरीया ने अपनी-अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक वहीं अभय प्रताप सिंह ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया. खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कोच सईद आलम ने कहा कि इस तरह के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी से न केवल विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा निखरती है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रेरणा के स्तर में भी भारी वृद्धि होती है. उन्होंने खेल को मानसिक और शारीरिक विकास का एक सशक्त माध्यम बताया.

## आज से शुरू होगी तीन दिवसीय 'मैंगो जत्रा'

**इंदौर.** मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हिप्पो कार्पोरेशन प्रेजेंट्स मैंगो जत्रा का शुभारंभ 8 मई से होगा. ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं, साउथ तुकोगंज में लगने वाले इस खास आयोजन में इंदौरी ओरिजनल जीआई टैग प्रमाणित कोंकण के हापुस आम का स्वाद ले सकेंगे और सीधे किसानों से खरीदी भी कर पाएंगे. ट्रस्ट के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि मैंगो जत्रा का यह 14वां संस्करण 8 से 10 मई तक सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा. आयोजन में रत्नागिरी और देवगढ़ (कोंकण) से आए 24 से अधिक आम उत्पादक हिस्सा ले रहे हैं. यहां केवल जीआई टैग प्रमाणित असली हापुस आम ही उपलब्ध रहेंगे. मैंगो जत्रा में अब इस अब बार 24 किसान हापुस आम लेकर आएंगे, हापुस की कई वेरायटी देखने को मिलेगी। नाम मात्र शुल्क पर चखने हेतु आम उपलब्ध रहेगा. तृप्ति महाजन और सुमेधा बावकर ने बताया कि मैंगो जत्रा में आमों के साथ मराठी व्यंजनों और इंदौरी चौपाटी का भी खास आकर्षण रहेगा. झुणका भाकर, पूरण पोली, मिसळ पाव, अप्पे और संभारवाड़ी जैसे पारंपरिक स्वादों के साथ छोले टिकिया, पाव भाजी, चीज केक और मैंगो ट्रेस्लेचेस जैसे व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे. दर्शन जागीरदार ने बताया आयोजन में प्रवेश निशुल्क रहेगा तथा 2 पहिया एवं 4 पहिया वाहनों हेतु पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था परिसर में ही की गई है.

## प्रवास हमारी कार्य पद्धति का अभिन्न अंग



**इंदौर.** गुरुवार को भाजपा इंदौर नगर के मंडलों की कामकाजी बैठकें सम्पन्न हुई. लक्ष्मणसिंह गौड मंडल में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, नगर मंत्री इंदु श्रीवास्तव, शहीद भगतसिंह मंडल में विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, महामंत्री महेश कुकरेजा, मीडिया प्रभारी वरुण पाल विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र शेंडगे की उपस्थिति में कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई. बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि आज भाजपा वटवृक्ष के रूप में स्थापित है, इसके पीछे हमारे कार्यकर्ताओं का समर्पण भाव है. कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हमारा जनाधार बढ़ रहा है. हमारी कार्यपद्धति हमें दूसरे दलों से भिन्न बनाती है. प्रवास हमारी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग है, हमारे महापुरुषों ने विपरित परिस्थितियों में निरंतर प्रवास करके संगठन को खड़ा करने का काम किया है। शक्ति केन्द्रों और बूथों की समीक्षा करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ता लगातार बूथों पर प्रवास करें. विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड ने कहा कि राजनैतिक दल के कार्यकर्ता होने के नाते अपने अपने बूथों पर प्रवास और समीक्षा करना हमारा दायित्व है. कार्यकर्ता मेरा बूथ - सबसे मजबूत के मूलमंत्र के साथ बूथों को मजबूत करने में जुट जाए. पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा ने कहा कि नियमित बैठकों के माध्यम से हमें अपने कार्यों की समीक्षा करना है. बैठक में एमआईसी सदस्य राकेश जैन, पार्षद मीता राठौर, गुरजीत कौर खनुजा, मंडल प्रभारी मदनमोहन प्रजापति, शांता भमावत, मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र झीनीवाल, राजेश तोमर, नयन दुबे, मंडल महामंत्री लखन परमार, मंडल उपाध्यक्ष रमेश यादव, कोषाध्यक्ष अतुल नीमा, सहित वार्ड संयोजक, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी/संयोजक उपस्थित थे.

## मुद्रा शास्त्री शर्मा को किया जाएगा सम्मानित



**इंदौर.** गुजरात के दाहोद में 8 से 10 मई तक प्राचीन सिक्कों और मुद्राओं की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है. इस प्रदर्शनी में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, सूरत जैसे अनेक प्रमुख शहरो के मुद्रा संग्राहक एवं व्यापारी इस प्रदर्शनी में अपने स्टाल्स एवं संग्रह सहित शामिल होंगे. राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक और इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि प्रदर्शनी के समापन अवसर पर 10 मई को देश के जाने-माने मुद्रा संग्राहकों को इस आयोजन में भी सम्मानित किया जाएगा. समिति के विराज भार्गव के अनुसार दाहोद प्रदर्शनी में गिरीश शर्मा आदित्य को विशेषरूप से आमंत्रित किया गया है जहाँ उन्हें 40वें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर देश के अनेक जाने-माने पुरातत्वविद, मुद्रा शास्त्री एवं प्रख्यात संग्राहक भी उपस्थित रहेंगे।

## हंसदास मठ पर अधिकमास में अनुष्ठान 17 से

**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में 17 मई से 15 जून तक, पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा भगवान रणछोड़जी की साक्षी में श्रीमद भागवत पारायण (मूलपाठ) एवं रामायण पारायण तथा जाप का दिव्य अनुष्ठान होगा.